# Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Cancer to Pisces Varshik Rashifal 2025, नए वर्ष में क्या होगा खास, पढ़े 2025 कर्क




Kark Rashi Varshik rashifal 2025 in hindi:  कर्क राशि 2025 राशिफल: कैसा रहेगा नया साल, जानिए भविष्यफल और अचूक उपाय

Cancer Yearly Horoscope 2025 : यदि आपका जन्म 21 जून से 22 जुलाई के बीच हुआ है तो सूर्य राशि के अनुसार आपकी राशि कर्क है। चंद्र राशि के अनुसार यदि आपके नाम का अक्षर ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो है तो भी आपकी राशि कर्क है। इस बार वेबदुनिया लाया है आपके लिए कुछ स्पेशल। वर्ष 2025 में आपका करियर, पेशा, लव लाइफ, एजुकेशन, परिवार और सेहत का हाल जानिए विस्तार से। 17 जनवरी 2023 से आपकी राशि पर शनि की ढैया चल रही है जो वर्ष 2025 के मध्य तक रहेगी। मार्च के बाद शिक्षा, नौकरी और व्यापार के लिए बेहतर समय प्रारंभ होगा। मार्च के बाद लव लाइफ में अच्छा समय प्रारंभ होगा। आपको शनिदेव या शिवजी की नित्य पूजा करना चाहिए। लकी वार सोमवार और लकी कलर सफेद, क्रीम और नीला है। इसी के साथ ॐ नम: शिवाय या ॐ शनैश्चराय नमः मंत्र का जाप आपको संकटों से मुक्ति देगा। अब जानते हैं वार्षिक राशिफल विस्तार से।

वर्ष 2025 कर्क राशि वालों का करियर और पेशा| Cancer job and business horoscope Prediction for 2025:

साल की शुरुआत से लेकर मार्च के महीने तक शनि का गोचर आठवें भाव में रहेगा जो तीसरी दृष्टि से आपके दशम भाव को देखेगा तब तक करियर और पेशे को लेकर आप परेशान रहेंगे। इसके बाद साल 2025 में जब मार्च में शनि का गोचर मीन में होगा तब कर्क राशि के जातकों के लिए शनिदेव सातवें और आठवें भाव के स्वामी होकर नवम भाव में गोचर करेंगे। इस तरह से कर्क राशि वालों पर चल रही कंटक शनि की पनौती खत्म हो जाएगी। तब आपकी नौकरी या व्यापार में मिल रही असफलताएं धीरे-धीरे सफलताओं में बदलने लगेगी। नवम भाव में शनि के विराजमान होने से यह आपकी कुंडली के एकादश, तृतीय और छठे भाव पर अपनी दृष्टि डालेंगे, इसके चलते आपके विरोधी परास्त होंगे। व्यापार के सिलसिले में यात्राएं होंगी जो आपके लिए लाभदायक साबित होंगी। हमारी सलाह के अनुसार शनि से बचने के लिए

आपको हनुमानजी या शिवजी की भक्ति करना चाहिए।

वर्ष 2025 कर्क राशि वालों का एजुकेशन| Cancer School and College Education horoscope prediction 2025:

आपकी राशि के बृहस्पति छठे और नौवें भाव के स्वामी होकर वर्ष 2025 में अपने गोचर के दौरान आपकी राशि के बारहवें भाव में प्रवेश करेगा। 14 मई तक बृहस्पति आपके पंचम तथा सप्तम भाव पर दृष्टि डालेंगे जिसके चलते स्कूल की शिक्षा प्राप्त कर रहे बच्चों के लिए मई तक का समय अच्छे परिणाम देने वाला सिद्ध होगा। इसके बाद बृहस्पति का गोचर आपके द्वादश भाव में हो जाएगा। इस गोचर के चलते उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे या विदेश में शिक्षा प्राप्त कर रहे लोगों के लिए भी यह समय अच्छा रहेगा। हमारी सलाह है कि साल की शुरुआत से मई के माह तक आपको पढ़ाई में कड़ी मेहनत करना होगी तो आगे के छह माह और भी बेहतर रहेंगे।

वर्ष 2025 कर्क राशि वालों की विवाह और परिवार लाइफ| Cancer Marriage Life and Family horoscope Prediction for 2025:

वर्ष की शुरुआत में बृहस्पति के लाभ भाव में होने के कारण अविवाहित लोगों के विवाह तय होने की प्रबल संभावना है। यदि आप विवाहित हैं तो साल की शुरुआत से लेकर मार्च के महीने तक शनि ग्रह का प्रभाव दूसरे भाव पर होने के कारण दांपत्य जीवन और परिवार में थोड़ी बहुत परेशानियां खड़ी हो सकती है। मार्च के बाद राहु का प्रभाव दूसरे भाव पर शुरू होगा जो परिवार में समस्याओं को बढ़ा सकता है। गलतफहमियों से बचकर रहें और गुरु के उपाय करेंगे तो घर परिवार में सुख, शांति एवं समृद्धि बनी रहेगी।

वर्ष 2025 कर्क राशि वालों की लव लाइफ| Cancer love life horoscope Prediction for 2025:

मार्च तक लव लाइफ में उतार चढ़ाव देखने को मिलेगा। हालांकि बृहस्पति का गोचर मई महीने के मध्य तक अनुकूल बना हुआ है जो रिश्तों को टूटने से बच सकता है। मार्च महीने के बाद शनि का प्रभाव पंचम भाव से दूर हो जाएगा इसके चलते आपकी लव लाइफ पहले से ज्यादा बेहतर रहेगी। लेकिन बाद में फिर बृहस्पति, मंगल और शुक्र के मिले जुले परिणाम प्राप्त होंगे जिसके चलते आपकी लव लाइफ में भी मिले जुले परिणाम मिलेंगे। यदि आप बृहस्पति और शनि के उपाय कर लेते हैं तो समय आपके अनुकूल रहेगा।

वर्ष 2025 कर्क राशि वालों का आर्थिक पक्ष| Cancer financial  horoscope Prediction for 2025:

मीन राशि में शनि के भ्रमण के दौरान कर्क राशि वालों की आमदनी तेजी से बढ़ेगी। कई मनोकामनाएं पूरी होंगी, अचानक धन लाभ के भी योग हैं। अगर निवेश करने की सोच रहे हैं तो यह समय आपके लिए शानदार है। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी या फिर अचानक से धन प्राप्ति के कुछ संयोग बनेंगे। इससे आपकी आर्थिक स्थिति में अच्छा सुधार देखने को मिलेगा। मार्च के बाद आप प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट कर सकते हो। सोना भी आपके लिए शुभ फलदायी रहेगा। राहु आपके नौवें घर से आठवें घर में गोचर करेगा, जिससे आपको शेयर बाजार में अच्छा लाभ मिलेगा। शेयर बाजार में लॉन्ग टर्म के लिए इन्वेस्ट भी कर सकते हो।

वर्ष 2025 कर्क राशि वालों की सेहत| Cancer Health horoscope Prediction for 2025:

साल की शुरुआत से लेकर मार्च माह के अंत तक शनि का गोचर आठवें भाव में रहेगा जो सेहत की दृष्टि से अच्छा नहीं है। इसके बाद राहु का दूसरे भाव में गोचर सेहत को और भी ज्यादा बिगाड़ सकता है। शनि के कारण कमर, मुख, आंख और हड्डियों पर असर पड़ सकता है और राहु के कारण मानसिक सेहत को नुकसान पहुंच सकता है। हमारी सलाह है कि आप शुद्ध सात्विक और संतुलित भोजन को अपनाएं और प्रतिदिन 10 मिनट का ध्यान करें। हो सके तो मंगल और गुरु के उपाय करें।

कर्क राशि के लिए वर्ष 2025 अच्छा रहे इसके लिए करें ये उपाय| Cancer 2025 horoscope Remedies upay for 2025 in hindi:-

- यदि कोई गंभीर समस्या नहीं है तो सुबह हल्दी का दूध पिएं।
- सोमवार के दिन शिवजी के मंदिर में शिवलिंग पर पंचामृत अर्पित करें।
- शनिवार के दिन अंधे लोगों को भोजन कराएं और छाया दान करें।
- नियमित रूप से सौंफ और इलायची खाना शुरू करें।
- आपका लकी नंबर 2 और 7, लकी रत्न मोती, लकी कलर सफेद, क्रीम और नीला, लकी वार सोमवार और लकी मंत्र ॐ नम: शिवाय नम: और ॐ शनैश्चराय नमः।

As the top Jyotish in India, Pandit Acharya V Shastri ji (**Best Astrologer in Delhi NCR**) strongly recommends following these tips to bring the power of the moon in your favour again. Book your appointment or get assistance on call from the leading astrologer today for a more personalised analysis of your planets.

**India's Famous Astrologers, Tarot Readers, Numerologists on a Single Platform. Call Us Now. Call Certified Astrologers instantly on Dial199 - India's No.1 Talk to Astrologer Platform. Expert Live Astrologers. 100% Genuine Results**

## Read On Website

# Other Blogs




**Aaj Ka Panchang 23 नवम्बर 2024 का पंचांग: 23 November 2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Pisces Sign - Health and Medical Astrology**




**Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Leo to Pisces Rashifal 2025, नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 सिंह,राशिफल**




**मेष राशिफल 2021 - Mesh Rashifal 2021 in Hindi**




**Varshik Rashifal Annual Horoscope 2025 in Hindi Know your Luck from Libra to Pisces Rashifal 2025,नए वर्ष में क्या होगा खास,पढ़े 2025 तुला,राशिफल**




**Aaj Ka Panchang 07 नवंबर 2025 का पंचांग: 07 November 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Aaj Ka Panchang 17 अगस्त 2025 का पंचांग: 17 August**




**मई 2021 का मासिक राशिफल: जाने आपका भाग्य**




**Aaj Ka Panchang 16 दिसम्बर 2024 का पंचांग: 16 December**

**2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**

**2024 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Capricorn Sign - Health and Medical Astrology**




**Aaj Ka Panchang 17 जून 2025 का पंचांग: 17 June 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**




**Aaj Ka Panchang 17 अप्रैल 2025 का पंचांग: 17 April 2025 ka Panchang, शुभ मुहूर्त और राहुकाल का समय, Best Muhurat**